# बिहार सरकार
# लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग।
## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या–6ए/वि01–10109/2020– 84 पटना, दिनांक–24/01/24

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा अंतर्गत संवेदक/एजेन्सी M/S Intergen Energy Limited, 6th Floor, A-1 Pavilion Building, 339/12, Mehrauli Gurgaon Road-122002 को एकरारनामा संख्या–SBD-08/2017-18 दिनांक–31.03.2018 अंतर्गत कार्य निर्धारित समय सीमा समाप्त हो जाने के फलस्वरूप भी कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के पत्रांक–2254, दिनांक–31.12.2020 द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा उनके पत्रांक–1829 दिनांक–30.12.2023 द्वारा सूचित किया गया है कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा इस कार्यालय के पत्रांक–2254 दिनांक–31.12.2020 एकरारनामा संख्या–SBD-08/2017-18 एजेन्सी M/S Intergen Energy Limited को डिबार किया गया था जबकि SBD-08/2017-18 अन्य एजेन्सी नालन्दा इंजीकॉन प्रा0लि0 का एकरारनामा है टंकण भूलवश के कारण M/S Intergen Energy Limited, SBD-08/2017-18 अंकित हो गया है। तथा कार्यपालक अभियंता, नवादा द्वारा M/S Intergen Energy Limited को डिबार से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

संवेदक से प्राप्त आवेदन एवं कार्यपालक अभियता, नवादा से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में दिनांक–23.01.2024 को प्रधान सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा द्वारा भाग लिया गया।

तदोपरान्त संवेदक से प्राप्त आवेदन एवं कार्यपालक अभियता, नवादा से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, नवादा नवादा के पत्रांक–2254, दिनांक–31.12.2020 द्वारा संवेदक/एजेन्सी M/S Intergen Energy Limited, 6th Floor, A-1 Pavilion Building, 339/12, Mehrauli Gurgaon Road-122002 को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित करने के आदेश को विलोपित किया जाता है।

इस पर प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–10109/2020– 292 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

24/1/24

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–10109/2020–292 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

Speed Post

ज्ञापांक–6ए/वि01–10109/2020–292 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–संवेदक/एजेन्सी M/S Intergen Energy Limited, 6th Floor, A-1 Pavilion Building, 339/12, Mehrauli Gurgaon Road-122002 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–6ए/वि01–10109/2020–292 पटना, दिनांक– 24/01/24

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अशोक कुमार)
अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव